तापमान
अधिकतम 43.2 डिग्री
न्यूनतम 31.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 27 मई 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

16 पराली जलाने की घटनाओं पर प्रशासन गंभीर...



16 जल संरक्षण में किसानों एवं महिलाओं की सक्रिय ....


## खबर संक्षेप

### शेड लगा रहे व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छिबर्रा में शेड लगा रहे एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। सिंघोड़ा थाने में सुब्रत प्रधान पिता नंदलाल प्रधान (40 साल) ने आवेदन देकर बताया कि वह 25 मई को अपनी निजी भूमि खसरा नं. 333 रकबा 0.26 हेक्टेयर भूमि पर शेड का काम कर रहा था, उसी समय पडोसी जयप्रकाश बढाई पिता स्व. नरेंद्र बढ़ाई, रोहन बढ़ाई पिता जयप्रकाश बढ़ाई, सुमंत बढ़ाई पिता स्व. नरेंद्र बढ़ाई ग्राम छिबर्रा ने उक्त भूमि को हमारा है कहकर गाली गलौज कर गला पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में स्कूटी सवार घायल

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में स्कूटी सवार के घायल होने के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि चूडामणि नायक पिता डेढ़राज सिंह नायक निवासी विनायक बिहार वार्ड नंबर 13 सरायपाली 21 मार्च को घर से अपने स्कूटी कमांक सीजी 06 जीबी 4697 से सुबह करीब 8.30 बजे नई मंडी की ओर जा रहे थे, गायत्री मंदिर के सामने पहुंचने पर तोषवंत मेहेर पिता क्षमानिधि मेहेर निवासी बादीपाली थाना बिजेपुर जिला बरगढ़ ओडिशा ने अपनी स्कूटी वाहन क्रमांक ओडी 17 एसी 9693 को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर चूड़ामणि नायक की स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिन्हें सीएचसी सरायपाली ले जाया गया तथा चोट की गंभीरता को देखते हुये वहां के डॉक्टर द्वारा रेफर करने पर रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# राइस मिल के सामने लग रही मालवाहक वाहनों की लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद से तुमगांव मार्ग पर परसदा स्थित एक राइस मिल के सामने मालवाहक वाहनों की लंबी लाइन लग रही है। भीषण गर्मी, सड़क चौड़ीकरण और वाहनों की बेतरतीब स्थिति के चलते यहां पर लगातार यातायात बाधित हो रहा है। लोग घंटों जाम फंस रहे हैं और गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। इस मार्ग पर घंटों वाहनों की जाम ने परेशानी और बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार इन दिनों रबी धान फसल की कटाई व मिसाई का कार्य जारी है। कई किसान रबी धान को बेचने सीधे परसदा स्थित एक राइस मिल में बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। जहां सुबह से ही धान से भरे ट्रैक्टर, पिकअप व अन्य मालवाहकों की लंबी लाइन लग रही है। जिसके कारण यातायात बाधित हो रहा है। सड़क दोनों ओर घंटों इस जाम में लोग फंस रहे हैं। जाम के कारण लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।



### सड़क संकरी दुर्घटना की आशंका

महासमुंद से तुमगांव मार्ग का चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है। कौंदकेरा नाला में पुल निर्माण कार्य भी जारी है। लेकिन, राइस मिल के पास अभी निर्माण शुरू नहीं हुआ। सड़क संकरी होने एवं जाम लगने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। यहां कई जगह मोड़ के कारण भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



### सुबह से दोपहर तक लंबी कतार

यहां रोज सुबह से दोपहर तक वाहनों की लंबी कतार लग रही है। राइस मिल प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही यह स्थिति निर्मित हो रही है। बस, कार, मोटर साइकिल चालक जाम फंस रहे हैं। राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। बसों में सवार लोग गर्मी से बेहाल हो रहे हैं।

**मांग:** धनसुली की मछुआरा सहकारी समिति ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

# कानूनी दांवपेंच में उलझाकर मछुआ सहकारी समिति को कर रहे प्रताड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कुछ स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा कानूनी मामलों में उलझाकर मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने का मामला सामने आया हैं। ग्राम पंचायत धनसुली की जय यमुना मछुआरा सहकारी समिति के सदस्यों ने कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपनी व्यथा सुनाई।

समिति का आरोप है कि कुछ स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा उन्हें कानूनी मामलों में उलझाकर मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे उनके रोजगार पर संकट मंडराने लगा है। जनदर्शन में सौंपे गए आवेदन के अनुसार, जय यमुना मछुआरा सहकारी समिति का पंजीयन 9 जनवरी 2024 को (पंजीयन क्रमांक 928) शासन के नियमों के तहत हुआ था। इससे पहले पिछले पांच वर्षों से धनसुली ग्राम पंचायत के तालाबों की स्थिति बेहद जर्जर थी। पानी न तो ग्रामीणों के नहाने के लायक था और न ही मवेशियों के पीने योग्य। समिति के गठन के बाद, मत्स्य पालन विभाग के दिशा-निर्देशों पर ग्राम पंचायत धनसुली द्वारा बकायदा मुनादी कराकर और ईश्तहार जारी कर आवेदन मंगाए गए। 3 सितंबर 2025 को ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इस मछुआरा समिति को प्राथमिकता के आधार पर तालाब पट्टे पर देने का निर्णय लिया गया। इसके बाद कलेक्टर महोदय के अनुमोदन से समिति को 10 वर्ष के लिए लीज (पट्टा) आवंटित की गई।



### कड़ी मेहनत से सुधारी तालाबों की सूरत

पट्टा मिलने के बाद समिति ने 41,220 रुपए की लीज राशि ग्राम पंचायत में जमा की। इसके बाद समिति के सदस्यों ने कड़ी मेहनत करके गंदगी से पटे तालाबों की पूरी तरह सफाई की और उसमें मछली के बीज डाले। इस प्रयास से न सिर्फ मछुआरा परिवारों को आजीविका और रोजगार मिला, बल्कि गांव वालों को नहाने के लिए साफ पानी और मवेशियों को पीने का पानी भी उपलब्ध होने लगा।

### पेशी के नाम पर प्रताड़ना का आरोप

मछुआरों ने जनदर्शन में बताया कि सरकारी कोटवार के माध्यम से उन्हें सूचना मिली है कि अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) न्यायालय में 8 जनवरी 2026 को उन्हें प्रस्तुत होना है। समिति का आरोप है कि गांव के ही उमेंद्र निषाद, सालिकराम निषाद, दामजी निषाद और संतु निषाद द्वारा दुर्भावनापूर्वक आवेदन लगाकर उन्हें बार-बार कानूनी कार्रवाई और पेशी के चक्रव्यूह में फंसाया जा रहा है। मछुआरों ने बताया है कि बार-बार कोर्ट-कचहरी बुलाकर हमें मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर किया जा रहा है। हमारा वैध रोजगार छीनने का प्रयास हो रहा है। उन्होनें कलेक्टर से मांग किया कि इस मामले की जांच कर इसका तुरंत निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने जनदर्शन में आए इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित जांच और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# मटन मार्केट स्थित दुकान पर अवैध कब्जा की कोशिश, दुकान सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर पालिका राजस्व टीम ने की कार्रवाई

नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित नया मटन मार्केट स्थित दुकान का ताला तोड़कर अवैध रूप से दुकान संचालित करने की तैयारी पर पालिका ने सख्त कार्रवाई की है। कब्जे की जानकारी प्राप्त होने पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देशानुसार पालिका टीम ने संबंधित दुकान का निरीक्षण किया। जिसमें दुकान क्रमांक 7 का ताला टूटा पाया गया।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका के राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर की उपस्थिति में नगर पालिका टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकान को सील कर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि नगर पालिका की संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा अनाधिकृत संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नगर की सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नगर पालिका की संपत्तियों से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### भतीजे ने की मारपीट



**महासमुंद।** नशे की हालत में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को करहीडीह के जगन्नाथ साहू (65 वर्ष) ने बताया कि 25 मई को रात 8 बजे वह अपने घर में था, तभी उसका भतीजा लिलेश्वर साहू उर्फ लीलू शराब के नशे में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट किया। रिपोर्ट पर कोमाखान थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# अपर जोंक परियोजना की मुख्य नहर के जीर्णोद्धार की मांग



**महासमुंद।** खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक पत्र लिखकर क्षेत्र के किसानों के हित में एक बड़ी पहल की है। विधायक यादव ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाली अपर जोंक परियोजना (मध्यम) की मुख्य नहर के जीर्णोद्धार, पक्के कार्यों के उन्नयन और लाइनिंग कार्य को जल्द से जल्द स्वीकृति देने का आग्रह किया है। विधायक यादव ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में बताया है कि जल संसाधन उपसंभाग क्र. 02 बागबाहरा के तहत आने वाली अपर जोंक परियोजना का कुल रूपांकित रकबा 810.00 हेक्टेयर है। इस परियोजना से क्षेत्र के 11 गांवों को लाभ मिलना तय हुआ था। हालांकि, बुनियादी ढांचे की कमी के कारण वर्तमान में केवल 2 गांवों (खट्टी और परसुली) की 211.00 हेक्टेयर भूमि को ही सिंचाई का लाभ मिल पा रहा है। नहर की बदहाली के कारण शेष 9 गांवों के किसान आज भी पानी के लिए तरस रहे हैं। सिंचाई के साधन न होने के कारण इन गांवों का कुल 609.00 हेक्टेयर क्षेत्र सूखा पड़ा है। प्रभावित गांवों में मुख्य रूप से परसुली, अमनपुरी, पंडरीपानी, कारागुला, बनियातोरा, झिटकी, झलमला, बैहराभाठा, राटापाली शामिल है।

**डीपीआर मंत्रालय में जमा, अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य**

विधायक यादव ने बताया है कि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए विभाग द्वारा डीपीआर तैयार कर मंत्रालय में जमा कराई जा चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस कार्य को तत्काल प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के लिए उचित निर्देश जारी किए जाएं। इस कार्य के स्वीकृत होते ही 609.00 हेक्टेयर क्षेत्र के कृषकों को सिंचाई की पक्की सुविधा मिलने लगेगी और नहर के अंतिम छोर (टेल एरिया) तक पानी आसानी से पहुंच सकेगा, जिससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

## भौगोलिक घटना से हुआ साक्षात्कार, मनाया शून्य छाया दिवस





**महासमुंद।** भारतीय मानक रेखा 825 अंश पूर्वीय देशांतर पर स्थित जिले के बागबाहरा विकासखंड स्थित ग्राम गांजर में सोमवार को शून्य छाया दिवस मनाया गया। संभवत: छत्तीसगढ़ में यह पहला वाक्या है जब इस भौगोलिक घटना का साक्षात्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम गांजर के भारतीय मानक रेखा में स्थित होने के कारण 25 मई दोपहर ठीक 12 बजे सूर्य की किरण लंबवत पड़ती हैं और इस समय किसी भी वस्तु की छाया नहीं बनती है, दिन सबसे बड़ा तथा रात सबसे छोटी होती है। इस भौगोलिक घटना में शामिल होने वालों में डॉक्टर रमेश चंद्राकर एम्स रायपुर, जगमोहन चंद्राकर भूतपूर्व छात्र गांजर, भरत सिंह भूगोल प्रेमी भिलाई आदि शामिल रहे।

### ओडिशा से लाकर छत्तीसगढ़ के गांवों में महुआ शराब खपाने का प्लान लगातार फेल

**महासमुंद।** जिला पुलिस महासमुंद द्वारा अवैध महुआ शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स और सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत जिले की पुलिस ने तीन मामलों में 154 लीटर महुआ शराब बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरायपाली पुलिस ने मुखबीर के सूचना पर ग्राम नूनपानी में संदेही अजय भारती पिता हेमलाल के घर के बाड़ी में बिक्री हेतु अवैध महुआ शराब रखे होने की सूचना पर छापा मार कार्रवाई की। घटना स्थल पर 75 लीटर महुआ शराब कीमत 15,000 बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। दूसरे मामले में ग्राम परसवानी पुल के पास आरोपी लोकेश निषाद पिता तुलाराम निषाद (34 साल) ग्राम परसवानी के कब्जे से 30 लीटर ओडिशा निर्मित महुआ शराब कीमत 4500 रुपए को बरामद कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह मुखबीर के सूचना पर ग्राम परसवानी से बड़ेलोरम जाने के रास्ते में घेराबंदी कर मोटर सायकल बिना नंबर की बाइक में बैठे दो व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से ओडिशा निर्मित महुआ शराब 245 पाउच कुल 49 लीटर कीमत लगभग 7350 रुपए को बरामद कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# भीषण गर्मी और एलनीनो का डबल अटैक, जिले में नौतपा का कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मई महीने की भीषण गर्मी ने अब अपना सबसे खतरनाक रूप दिखाना शुरू कर दिया है। 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो चुकी है, जो 2 जून तक चलेगी। इस बार ज्योतिषीय गणना और वैज्ञानिक संकेत दोनों ही आने वाले नौ दिनों में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ने का इशारा कर रहे हैं।

मौसम वैज्ञानिकों द्वारा पहले ही एलनीनो के प्रभाव की चेतावनी दी जा चुकी है, जिसके कारण इस साल नौतपा के दौरान जिले में आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। हिंदू पंचांग के अनुसार, जब सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तब नौतपा की शुरुआत होती है। धार्मिक मान्यता है कि इन नौ दिनों में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सबसे सीधी और तीखी पड़ती हैं, जिससे तापमान अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच जाता है। जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर दिखने लगा है।

### हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, इस वर्ष एलनीनो का प्रभाव सक्रिय होने के कारण सामान्य से कहीं अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है। जिले में आने वाले दिनों में तेज लू (गर्म हवाएं) चलने की संभावना है। डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस भीषण गर्मी में लापरवाही बरतने से लोग हीट स्ट्रोक (सनस्ट्रोक), शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन), तेज बुखार और उल्टी-दस्त जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो सकते हैं।

### प्रशासन और जानकारों की सलाह

बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने जिले के नागरिकों के लिए गाइडलाइन जारी की है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच बहुत जरूरी न होने पर घरों से बाहर न निकलें। धूप में निकलने से पहले पूरे शरीर और चेहरे को सूती कपड़े से ढकें। प्यास न लगने पर भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी, ओआरएस का घोल, नींबू पानी या छाछ पीते रहें। हल्का और सुपाच्य भोजन करें तथा बासी खाना खाने से परहेज करें। जिले के बुजुर्गों और जानकारों का भी कहना है कि नौतपा के दौरान प्रकृति के इस उग्र रूप से बचने का उपाय सावधानी है।

अग्रसेन धाम
SENIOR LIVING HOME
A PREMIUM OLD AGE HOME
1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ
छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी
12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित
एक लाख वर्ग फीट भवन
सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम • स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम • Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444
स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही, (दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM)
जिला - बालोद (छ.ग.)



तत्काल संपर्क करें
फील्ड कार्य के लिए 12वीं पास 15 युवक-युवतियों के लिए देश के प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान से जुड़ने का सुनहरा अवसर....
फील्ड मार्केटिंग, सर्वे, रिपोर्टिंग, सुपरवाईजर, एजेंसी डेवलपमेंट, कैश कलेक्शन, टेलीकॉलिंग सहित अन्य कार्यों के लिए....
(प्रतिमाह-10000+इंसेंटिव)
कार्य के समय-8 घंटे
सक्षम युवक-युवतियां (युवतियों को प्राथमिकता)
संपूर्ण बायोडाटा, बैंक डिटेल और आधार कार्ड के साथ कार्यालय पहुंचकर संपर्क करें।
-कार्यालय का पता-
हरिभूमि
जिला कार्यालय प्रीतम प्राइड कॉम्प्लेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद
मो.नं.99811-31365

## खबर संक्षेप

### प्रेस क्लब मनाएगा पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव



**रायपुर।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रायपुर प्रेस क्लब द्वारा आगामी 30 मई को आयोजित किए जा रहे "पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव" की तैयारियों को लेकर रविवार को प्रेस क्लब परिसर में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने सर्वप्रथम प्रेस क्लब कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक ली। बैठक में कार्यकारिणी के नवनियुक्त सात सदस्यों के साथ विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के विशेष आमंत्रित संयोजक तथा सलाहकार सदस्य के रूप में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व महासचिव भी उपस्थित रहे। कार्यकारिणी की बैठक के बाद "पत्रकारिता गौरव मार्तंड उत्सव" के सफल आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियों की अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। कार्यक्रम का प्रथम सत्र शुभारंभ सत्र होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### जैन समाज ने निकाली शांति यात्रा, सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** रीवा मध्यप्रदेश में एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित आर्यिका 105 श्रुतमती माताजी और आर्यिका 105 उपशममती माताजी का सड़क किनारे पद विहार करते समय असमय देवलोक गमन हो गया। इस दुखद घटना से संपूर्ण जैन समाज में भारी आक्रोश है। ज्ञात हो कि जैन संत और साध्वी जीवनभर केवल पैदल ही विहार करते हैं। हादसे के विरोध में देशभर में जैन समाज द्वारा मौन शांति मार्च निकालकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

### देवेंद्र नगर एक्सप्रेस-वे पर खोले गए रास्ते का विरोध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने देवेन्द्र नगर में एक्सप्रेस-वे के मुख्य मार्ग पर रास्ता खोले जाने का विरोध करते हुए इसे तत्काल बंद करने की मांग की है। श्री ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में महापौर एवं कलेक्टर ने सड़क को शीघ्र खोलने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन आज दिनांक तक इस दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। स्थिति यह है कि अब उस मार्ग पर कब्जाधारी बैठ चुके हैं, जिससे सड़क को जोड़ने का कार्य और कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने 30 अक्टूबर 2017 को ही इस सड़क को छत्तीसगढ़ राज्य राजमार्ग अधिनियम के तहत एक्सप्रेस हाईवे घोषित कर दिया था, बाद में छत्तीसगढ़ रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने वर्ष 2021 में पुनः स्पष्ट कर दिया कि इस सड़क पर निर्धारित स्थानों अर्थात इंटरचेंज से प्रवेश और निकास के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान से प्रवेश और निकास की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## आयोजन: महिला बाल विकास विभाग ने सुकन्या प्रमाण पत्र किए वितरित

# बागबाहरा में सुशासन तिहार समाधान शिविर, अनेक आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




शहरी क्षेत्र में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन स्थानीय टाउन हाल में किया गया था। जिसमें ब्लॉक स्तर में स्थित सभी शासकीय कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने स्टाल लगाकर विभागीय जानकारी साझा किए। सुशासन तिहार शिविर में नगर के 15 वार्डों से सैकड़ों आवेदन प्राप्त किया। जिसमें कुछ आवेदनों के त्वरित समाधान किया गया। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले हितग्राहियों को त्वरित हो लर्निंग लाइसेंस दिया गया। सुशासन शिविर में प्रधानमंत्री आवास, पेयजल, कृष्ण कुंज के रखरखाव, अवैध अतिक्रमण सहित सबसे ज्यादा आवेदन अवैध प्लाटिंग और अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ शिकायत आवेदन प्राप्त हुए। महिला बाल विकास विभाग द्वारा सुकन्या प्रमाण पत्र शिविर में वितरित किया गया है।

सुशासन तिहार शिविर में बागबाहरा नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों के विकास कार्यों के लिए 16 आवेदन दिए है। वही नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल द्वारा नगर पालिका के उप अभियंता एवं सुशासन तिहार समाधान शिविर के नोडल अधिकारी दीपक अग्रवाल के खिलाफ शिविर में शिकायत का पिटारा खोल दिया। नगर पालिका अध्यक्ष के आरोप है कि उप अभियंता कार्यालय दोपहर 12 बजे कार्यालय आते है और 3.30 को चले जाते है। सप्ताह में 2 दिन कार्यालय आते है, जिनके वजह से आवास, पानी, सफाई सहित मूलभूत सेवाएं नगर पालिका में ठप हो रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शासन सुशासन तिहार चलाया जा रही है, वह हमें सीधा जनता से जोड़ता है। नपा अध्यक्ष ने शिविर के माध्यम से प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया है कि 8 माह से प्रधानमंत्री आवास की 70 लाख रुपए राशि हितग्राहियों के खाते में जमा नहीं हुई। जिसके चलते प्रधानमंत्री आवास अधूरे पड़े है। अघोषित बिजली कटौती को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि अघोषित बिजली कटौती की वजह से पानी टंकियां भर नहीं पाती, जिसके चलते पेयजल आपूर्ति में कमी हो रही है।

सुशासन तिहार शिविर में अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष, देवेश साहू (उपाध्यक्ष नपा), भीखम सिंग ठाकुर (उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद), अलका चंद्राकर, डाली ध्रुव, भोजनाथ देवांगन, समस्त पार्षद, एडीएम बागबाहरा, तहसीलदार बागबाहरा, गिरीश चंद्रा (मुख्य नगर पालिका अधिकारी), दीपक अग्रवाल (नोडल अधिकारी शिविर) सहित नगर पालिका बागबाहरा के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रुपेश तिवारी ने किया।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया इन विकास कार्यों की मांग के लिए आवेदन

नगर में पेयजल सुविधा भी उपलब्ध कराने (नगर पालिका), विभिन्न वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित भवनों को पट्टा दिये जाने (राजस्व विभाग), रेलवे किनारे बसे झोपड़पट्टी को मकान का सुविधा करने (राजस्व विभाग), नगर सीमा के बाहर बाईपास रोड बनवाने (लोक निर्माण विभाग), श्रद्धांजलि योजना हेतु राशि आबंटन करने (नगरीय प्रशासन एवं विभाग), नगरीय निकाय के कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन लागू करने (नगरीय प्रशासन एवं विभाग), प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को आवास का भुगतान प्रतिमाह करवाने (नगरीय प्रशासन एवं विभाग), निराश्रित पेंशन योजना अंतर्गत विभिन्न पेंशन प्राप्त हितग्राहियों को प्रतिमाह पेंशन राशि भुगतान करने (समाज कल्याण विभाग), नगर में गांडा समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य करवाने (नगर पालिका), पीआईयू/सीएलटीसी की नियुक्ति स्थानीय स्तर पर योग्यताधारी को प्रदान करने (नगरीय प्रशासन एवं विभाग), नगरीय निकाय के कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन भुगतान करने (नगरीय प्रशासन एवं विभाग), ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था हेतु नगर सीमा में बिजली कटौती नहीं करने (विद्युत विभाग), नगरीय निकाय को प्राप्त होने वाले चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में कटौती नहीं करने (नगरीय प्रशासन एवं विभाग), नगर अंतर्गत स्थित समस्त तालाबों का गहरीकरण एवं सौंदर्याकरण करने (नगरीय प्रशासन एवं विभाग), पत्रकार भवन निर्माण कार्य कराने बाबत। (नगरीय प्रशासन एवं विभाग), मंडी मोड़ फाटक के पास ओवरब्रिज निर्माण (रेलवे विभाग) शामिल है।



### हिमालय पर सफल पर्वतारोहण कर फैमिदा ने क्षेत्र का बढ़ाया मान, विधायक ने जताया हर्ष

**सरायपाली।** जिले के सरायपाली विकासखंड की होनहार बेटी एवं एडवांस रेंजर लीडर फैमिदा तबस्सुम ने हिमालय की दुर्गम व चुनौतीपूर्ण पर्वत श्रृंखलाओं में 15,300 फीट की ऊंचाई तक सफल पर्वतारोहण कर न केवल सरायपाली विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे जिले और छत्तीसगढ़ प्रदेश का मान गौरवान्वित किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि सरायपाली की बेटी फैमिदा तबस्सुम ने कठिन परिस्थितियों में अपने साहस, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देकर यह साबित किया है कि हमारे क्षेत्र की बेटियां हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का सामर्थ्य रखती हैं। उन्होंने कामना की कि फैमिदा आगे भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छूते हुए सरायपाली और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें।

### धान संग्रहण केंद्र गढ़फुलझर में आग लगने की घटना मामले में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध थाना बसना में एफआईआर दर्ज

**महासमुंद।** जिले के बसना स्थित धान संग्रहण केंद्र गढ़फुलझर में 25 मई को आग लगने की घटना में लगभग 90 हजार रुपए की क्षति हुई है। मामले में धान संग्रहण केंद्र बसना के केंद्र प्रभारी द्वारा थाना बसना में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है। थाना बसना द्वारा मामले की जांच की जा रही है। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में लगाई गई आग तेज हवा के कारण फैलते हुए धान फड़ की बाउंड्री तक पहुंच गई, जिससे संग्रहण केंद्र के किनारे रखी अनुपयोगी सामग्री आग की चपेट में आ गई। इस घटना में लगभग 1 लाख 75 हजार नग अनुपयोगी एवं सड़ी-गली प्लास्टिक बोरियां जलकर नष्ट हो गईं, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 80 हजार रुपए है। इसके अलावा लगभग 20 नग अनुपयोगी कैप कवर भी जल गए, जिनकी अनुमानित कीमत 10 हजार रुपए है। इस प्रकार कुल लगभग 90 हजार रुपए की क्षति हुई है। केंद्र प्रभारी ने बताया कि आग लगने की सूचना दिन पाली में कार्यरत चौकीदार द्वारा दोपहर लगभग 3 बजे दी गई। प्रारंभिक स्तर पर कर्मचारियों द्वारा बोर से पानी का छिड़काव कर आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग तेजी से फैलने लगी। स्थिति को देखते हुए सरायपाली से दमकल वाहन बुलाया गया, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि खेतों में आग न लगाएं तथा सावधानी बरतें। ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर वनमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर वनविद्यालय में वनमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का थीम Acting locally for global impact रहा एवं उद्देश्य वन एवं जलवायु संरक्षण तथा जैव विविधता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें वन एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विश्वनाथ पाणीग्रही (हरियर दूत) अध्यक्ष ग्रीन केयर सोसायटी, सदस्य जिला वेट लैंड समिति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा वन एवं जैव विविधता संरक्षण हेतु सभी को जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी के द्वारा जैव विविधता संरक्षण हेतु शपथ ली गई।

## एमआईसी की स्वीकृति के बाद भी पुरानी पेंशन बहाली का आदेश जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महापौर परिषद की स्वीकृति के 9 माह गुजर जाने के बाद भी नगर निगम के कर्मचारी,अधिकारियों का पुरानी पेंशन बहाली आदेश जारी नहीं हुआ है। इस बात को लेकर नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी बेहद नाराज हैं, आगे की रणनीति तय करने कर्मचारी संघ ने 26 मई को शाम 4 बजे निगम मुख्यालय में बैठक बुलाई है।

नगर निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना लागू करने के संबंध में माह सितंबर 2025 के दौरान एमआईसी की बैठक में संकल्प पारित कर राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा गया है। करीबन 9 माह बीतने के बाद भी राज्य शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है, प्रकरण को लंबित करके रखा गया है। जिससे पात्र अधिकारी व कर्मचारी आक्रोशित हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को आयोजित बैठक मे सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही नगर निगम के सेटअप में संशोधन और पात्र अधिकारियों व कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान करने जैसे मसलों पर भी बातचीत होगी।

राज्य शासन के कर्मचारियों की भांति नगर निगम में भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्टेट बैंक के माध्यम से 1 करोड़ रुपए का बीमा जैसी मांग पर चर्चा की जाएगी।

प्रमोद जाधव ने कहा कि संघ का प्रतिनिधि मंडल जल्द छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नवपदस्थ सचिव से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेंगा और मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर आदेश जारी करने का अनुरोध करेगा।

## आधा दर्जन कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस की दबिश 38 हजार का कबाड़ जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ जोन में पुलिस ने आधा दर्जन कबाड़ियों के ठिकानों पर सरप्राइज जांच करते हुए उनके यार्ड में छापे की कार्रवाई की। जिन कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस ने छापे की कार्रवाई की, उन कबाड़ियों के ठिकानों से पुलिस ने 38 हजार रुपए से ज्यादा कीमत का कबाड़ जब्त किया है। साथ ही आधा दर्जन कबाड़ियों को पुलिस ने चोरी का माल खरीदने-बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

- चोरी का सामान खरीदी-बिक्री के आरोप में आधा दर्जन कबाड़ी गिरफ्तार

डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर पुलिस ने छापे की कार्रवाई की है। पुलिस ने कबाड़ियों तथा यार्ड संचालकों को चोरी का माल नहीं खरीदने तथा ऐसा माल बेचने वालों की तत्काल पुलिस में शिकायत करने हिदायत दी है। छापे की कार्रवाई एडीसीपी आकाश मरकाम तथा सहायक एसीपी पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अवैध कबाड़ के कारोबार पर रोक लगाने की गई। पुलिस ने रावांभाठा में विजय टंडन, अवध राम नवरंगे, गुढ़ियारी में गिरधारी साहू, आदर्श गोयल, उरला, मेटल पार्क स्थित रमन कबाड़ी, सरोरा स्थित एसएल ट्रेडर्स में पुलिस ने छापे की कार्रवाई की है।

## वापस किए जाएंगे अतिरिक्त पैसे, जिस अकाउंट से भुगतान रिफंड भी उसमें ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2021-22 परीक्षा सत्र को लेकर कक्षा 12वीं के परिणाम के बाद की प्रक्रिया को लेकर एक स्पष्टीकरण जारी किया है। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई कॉपी के लिए आवेदन करते समय कुछ तकनीकी समस्याएं सामने आई हैं। इसके कारण कई छात्रों के शुल्क कटौती में गड़बड़ी हो गई। कुछ मामलों में छात्रों से ज्यादा पैसे काट लिए गए, जबकि कुछ मामलों में सिस्टम की गलती से कम शुल्क लिया गया। बोर्ड ने साफ किया है कि जिन छात्रों से अधिक पैसा लिया गया है, उन्हें वही अतिरिक्त राशि उसी भुगतान माध्यम (जैसे-यूपीआई, कार्ड आदि) से वापस कर दी जाएगी। जिनसे कम शुल्क लिया गया है, उन्हें बाकी राशि जमा करने की जानकारी अलग से दी जाएगी। इसके साथ ही सभी प्रभावित छात्रों को उनकी स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं बिना किसी नए आवेदन के उपलब्ध कराई जाएंगी।

**फर्जी सर्कुलर को लेकर अलर्ट :** सीबीएसई ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'फेक न्यूज अलर्ट' जारी करते हुए छात्रों और अभिभावकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बोर्ड के अनुसार, सोशल मीडिया पर एक नकली सर्कुलर तेजी से फैलाया जा रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि तकनीकी समस्याओं के कारण उत्तर पुस्तिका की कॉपी लेने और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया रद्द कर दी गई है। सीबीएसई ने इस दावे को पूरी तरह गलत बताया है। बोर्ड ने साफ किया है कि यह सर्कुलर फर्जी है और छात्रों को ऐसी किसी भी अफवाह पर विश्वास नहीं करना चाहिए। सीबीएसई ने अपने पोस्ट में लिखा, 'फर्जी खबरों और अफवाहों से सावधान रहें। किसी भी जानकारी की पुष्टि केवल सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से करें।'

### *मिली थी शिकायतें*

*गौरतलब है कि सीबीएसई द्वारा कक्षा बारहवीं की कॉपियां ऑनलाइन जांची गई हैं। कई छात्रों ने परीक्षा परिणाम को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद सीबीएसई ने जांची हुई स्कैन उत्तरपुस्तिकाओं की कॉपी के लिए आवेदन प्रारंभ किए थे। आवेदन प्रारंभ करने के साथ ही वेबसाइट क्रैश होने, एक से अधिक बार शुल्क कटने जैसी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। सीबीएसई ने आवेदन तिथियों में भी वृद्धि की थी। अब शिकायतों को देखते हुए अधिक बार पैसे कटने की स्थिति में रिफंड वापसी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।*

## नियमितीकरण की मांग विद्युत विभाग संविदा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के आव्हान पर विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों ने सोमवार को नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर विद्युत विभाग के डगनिया स्थित मुख्यालय गेट के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई, पॉवर कंपनी के संविदा कर्मचारियों ने रिक्त पद पर समायोजन करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो पॉवर कंपनी के संविदा कर्मचारी 22 जून से प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान विभाग की ओर से ज्ञापन के लिए मानव संसाधन के अधिकारी राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारियों ने 10 वर्ष से लंबित नियमितीकरण की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को दोपहर 4 बजे बिजली कंपनी मुख्यालय के सामने आमसभा और प्रदर्शन कर गेट मीटिंग आयोजित किया गया।

, जिसमें बड़ी संख्या में विभाग के संविदा कर्मचारी



शामिल रहे। आंदोलन कर रहे संविदा विद्युत कर्मचारियो का कहना है, विद्युत विभाग में नियमित लाइन परिचारक के 4500 पद खाली हैं, 2011 के बाद कोई नियमित भर्ती नहीं हुई है। 1 जुलाई 2015 को संचालक मंडल ने निर्णय लिया था कि 6 साल तक संतोषजनक सेवा पूरी करने पर संविदा कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जाएगा, लेकिन अब तक यह निर्णय लागू नहीं हुआ। इससे कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है।

### जीपीएस ट्रैक कर एंबुलेंस घायलों की मदद करने कुछ मिनटों में पहुंच रही

# हादसे में घायलों के लिए संजीवनी से पहले डॉयल-1033

**केस 1**

रात के सन्नाटे में रात करीब 9.45 बजे रायपुर-बिलासपुर राजमार्ग पर एक ट्रक का टॉयर फट गया। इसके चालक गुरदीप सिंह ने 1033 पर कॉल किया। एनएचएआई की टीम तुरंत ट्रक की लोकेशन ट्रेस कर पेट्रोलिंग टीम वहां पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रक को पहले किनारे कराया और टॉयर को ठीक कराकर उसे रवाना किया।

**केस 2**

बिलासपुर से महासमुंद की ओर जा रहे विशाल ट्रेलर का ब्रेक अचानक जाम हो गया। गाड़ी में एयर प्रेशर नहीं बन रहा था। इस ट्रेलर के चालक शिवम यादव ने 1033 में कॉल करके इसकी सूचना दी। इस सूचना पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची और भारी ट्रेलर के पीछे से आ रही तेज रफ्तार गाड़ियों को सचेत करने के लिए सेफ्टी कोन और चेवरॉन साइन बोर्ड लगाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब कहीं भी हादसा हो, घायलों को बचाने के लिए डॉयल 1033 संजीवनी बनकर 24 घंटे कार्य कर रहा है। इस नंबर पर डॉयल करते ही एंबुलेंस तत्काल स्पॉट पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी अस्पताल तक पहुंचा रही है, ताकि समय पर इलाज होने से उनकी जान बच सके।





### अन्य कई तरह से मददगार

एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी आर. वेंकटेश्वरलु ने बताया कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग में हादसा होने पर डॉयल 1033 नंबर लगाया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के कॉल सेंटर को मिल जाती है। इसके बाद जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए हादसे का सटीक लोकेशन ट्रेस कर एंबुलेंस वाहन मौके पर भेजी जाती है, जो घायल व्यक्ति को बिना देर किए नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने का कार्य करती है। हादसा बड़ा है, तो रास्ता साफ करने के लिए क्रेन और पेट्रोलिंग गाड़ियां भी मौके पर भेजी जाती हैं। उन्होंने बताया कि आमतौर पर लोग सोचते हैं कि यह नंबर सिर्फ एक्सीडेंट के समय काम आता है, लेकिन असल में यह हाइवे पर आपका सबसे भरोसेमंद साथी भी है। आप इन विपरीत स्थितियों में भी इसकी मदद ले सकते हैं। जैसे रात के सन्नाटे में अगर गाड़ी का टायर पंचर हो जाए या इंजन फेल हो जाए। अगर हाइवे पर कोई पेड़ गिर गया हो, मवेशी आ गए हों या कोई भारी मलबा पड़ा हो। यात्रा के दौरान अगर अचानक किसी सह-यात्री की तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ जाए तथा टोल प्लाजा या फास्टैग संबंधी कोई समस्या हो या हाइवे पर असुरक्षा महसूस हो रही हो तो भी 1033 में डॉयल किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### बकरीद पर अवकाश अब 28 मई को

**धमतरी।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2026 के लिए घोषित सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश की सूची में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, पूर्व में ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व हेतु 27 मई बुधवार को घोषित अवकाश अब परिवर्तित कर 28 मई गुरुवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। राज्य शासन ने पर्व की तिथि में परिवर्तन को दृष्टिगत रखते हुए यह संशोधित आदेश जारी किया है।

### आवेदन 15 जून तक मंगाए गए

**धमतरी।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम और लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के अधीन सहायक व्यक्तियों (सपोर्ट पर्सन) का इम्पैनलमेंट किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इसके लिए इच्छुक अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति, संस्थानों से 15 जून तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। धमतरी जिले में सपोर्ट पर्सन के रूप में इम्पैनलमेंट होने के इच्छुक व्यक्ति, अशासकीय संस्था, संगठन निर्धारित प्रारूप में अपनी रूचि की अभिव्यक्ति कलेक्टोरेट के पीछे स्थित जिला महिला एवं बाल विकास विभाग में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

### दावा-आपत्ति 4 जून तक

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र चारभाठा (कोरगांव) में सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार मूल्यांकन कर सूची तैयार की गई है।

# अधिग्रहित जमीन को छोड़ रसूखदारों के लिए मोड़ दी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

कोमाखान-खट्टी मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम बिंद्रावन और उखरा में राजस्व विभाग और लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी की एक बड़ी लापवाही सामने आई है। सन 1985-86 के सरकारी नक्शे में दर्ज 85 फीट चौड़ी भू-अधिग्रहित सड़क को दबाकर रसूखदारों के अतिक्रमण को बचाने के लिए विभाग के तत्कालीन अधिकारियों ने सड़क को ही मोड़ दिया। इस लापरवाही के कारण पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन और उपस्वास्थ्य केंद्र के सामने एक बेहद खतरनाक अंधा मोड़ बन गया है, जो आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं का केंद्र बन चुका है।

## सन 1985-86 के सरकारी नक्शे में दर्ज है रिकार्ड, लोनिवि व राजस्व विभाग की बड़ी लापरवाही

### अंधे मोड़ के कारण दो मासूमों की गई जान

गांव के नागरिक गोविंदराव नागपुरे ने बताया कि इस अंधे मोड़ के कारण विपरीत दिशा से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। कुछ वर्ष पहले यहां एक धान से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे पंचायत भवन में जा घुसा था। वहीं, इस मोड़ पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में अब तक दो लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद विभाग अपनी गलती सुधारने के बजाय मामले में संवेदनहींन बना हुआ है।




### उखरा में भी सड़क का नामोनिशान मिटा

ग्रामीणों के अनुसार यही स्थिति ग्राम उखरा की भी है, जहां 85 फीट चौड़ी सड़क का अस्तित्व नक्शे से पूरी तरह गायब कर दिया गया है और वहां भी लगातार अतिक्रमण जारी है। जब इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बात की जाती है, तो वे भूमि अधिग्रहण के मूल दस्तावेज गुम होने का बहाना बनाकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं।

### सरकारी नक्शे से गायब हुई 85 फीट चौड़ी सड़क

ग्रामीणों ने दस्तावेजी प्रमाणों के साथ आरोप लगाया है कि सन 1985-86 के मूल नक्शे और राजस्व रिकॉर्ड में यह सड़क 85 फीट चौड़ी दर्ज है। किंतु, वर्तमान डिजिटल रिकॉर्ड से यह सड़क विलोपित हो चुकी है और नक्शे में केवल एक पतली पगडंडी दिखाई दे रही है। शासन द्वारा पूर्व में अधिग्रहित की जा चुकी इस भूमि को मूल कृषकों के भूमि-स्वामी रिकॉर्ड से कम नहीं किया गया। इसी तकनीकी खामी का नाजायज फायदा उठाकर अतिक्रमणकारियों द्वारा सरकारी जमीन पर मकान बनाए जा रहे हैं और जमीनों की अवैध खरीद-बिक्री का खेल जारी है।

## आयोजन : 13 जिलों के 387 प्रतिभागियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

# बागबाहरा में लोक कला का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

- सप्त दिवसीय आवासीय लोक संगीत प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

लोक कलाकार संरक्षण समिति बागबाहरा के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय आवासीय लोक संगीत प्रशिक्षण कार्यशाला का रंगारंग एवं समापन समारोह स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागबाहरा के विशाल प्रांगण में उत्साह, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। सात दिनों तक चले इस प्रदेश स्तरीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के 13 जिलों से पहुंचे 387 प्रतिभागियों (छात्र-छात्राओं) ने गायन, वादन, लोक नृत्य एवं मानस व्याख्यान जैसी विविध विधाओं में कठोर साधना और प्रशिक्षण प्राप्त किया।




समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश जैन मौजूद रहे। उन्होनें आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बागबाहरा जैसे छोटे नगर में बिना किसी शासकीय अनुदान के इतने विशाल और सुव्यवस्थित सांस्कृतिक आयोजन का सफल संचालन वास्तव में प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश की वास्तविक पहचान उसकी लोक संस्कृति से होती है तथा लोक कलाकार संरक्षण समिति उस संस्कृति को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए देवेश साहू ने कहा कि प्रदेश के 13 जिलों से 387 प्रतिभागियों की उपस्थिति इस कार्यशाला की ऐतिहासिक सफलता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोक कला एवं संगीत के क्षेत्र में बागबाहरा से निकला यह आयोजन अब पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना चुका है तथा आने वाले समय में यह कार्यशाला और अधिक व्यापक स्वरूप ग्रहण करेगी। विशेष अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार मुन्नालाल देवदास ने अपने उद्बोधन में बागबाहरा अंचल के सुप्रसिद्ध रचनाकार स्व. मेहत्तर राम साहू को स्मरण करते हुए कहा कि निष्ठा, समर्पण और निरंतरता से किया गया कार्य सदैव सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने लोक कलाकार संरक्षण समिति को प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना का वाहक बताते हुए कहा कि बिना शासकीय सहायता के इतने वर्षों से इस स्तर का आयोजन करना अपने आप में एक मिसाल है। उन्होंने इस आयोजन को लोक कला क्षेत्र का महाकुंभ बताते हुए कहा कि पांच वर्षों में एक हजार से अधिक प्रशिक्षार्थियों को तैयार करना ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### सामूहिक लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियों ने वातावरण को कर दिया भावविभोर

समारोह में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर सुनील सोनी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक लोक एवं शास्त्रीय प्रस्तुतियों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। लोकगीत, तबला-ढोलक वादन, पारंपरिक लोक नृत्य तथा मानस पाठ की प्रस्तुतियां दी। समारोह में फागूराम तारक, प्रेम साहू, नीरू मानिकपुरी, नंदूराम निर्मलकर, लिलेश्वर साहू एवं उमेश साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कलाकार, साहित्यकार एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। आयोजन समिति ने बताया कि इस सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य केवल कलाकार तैयार करना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के भीतर अपनी लोक जड़ों, मातृभाषा और सांस्कृतिक विरासत के प्रति आत्मीयता एवं जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। समिति ने अगले वर्ष इस कार्यशाला को और अधिक विस्तारित एवं भव्य स्वरूप में आयोजित करने का संकल्प भी दोहराया।

# पुराने सरकारी अस्पताल परिसर एवं नालियों की कराई गई सफाई



**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित पुराने सरकारी अस्पताल परिसर में लंबे समय से बंद पड़ी नालियों की सोमवार को सफाई कराई गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष राठी ने बताया कि अस्पताल कंपाउंड में लगभग 10 परिवार निवासरत हैं। नालियों की सफाई नहीं होने से कंपाउंड में गंदगी और मलबे के ढेर लगे थे। निवासियों की शिकायत पर उन्होंने नगर सुराज अभियान में आवेदन किया था। उसी के तहत आज सफाई कराई गई। नालियों और आसपास से लगभग दो ट्रक मलबा निकाला गया। राठी ने नगर पालिका के सफाई प्रभारी को निर्देशित किया कि अस्पताल कंपाउंड की सफाई माह में एक बार अनिवार्य रूप से कराई जाए। कंपाउंड की सफाई होने से वहां निवासरत लोगों में खुशी है।

### बड़ी नाली की सफाई के लिए ठेले हटेंगे

उपाध्यक्ष ने बताया कि सरकारी अस्पताल के सामने बड़ी नाली है, जिसकी बरसात से पहले सफाई अत्यंत आवश्यक है। नाली के ऊपर ठेले वालों की दुकानें लगी हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन के लिए ठेले-खोमचे वालों को हटाकर बरसात के पूर्व बड़ी नाली की सफाई शीघ्र कराई जाएगी। सफाई नहीं होने पर बरसात में आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन सकती है। राठी ने ठेले-खोमचे वालों से भी अनुरोध किया कि वे नाली सफाई में कर्मियों का सहयोग करें। इस दौरान नगरपालिका के सभापति जय देवांगन एवं अस्पताल कंपाउंड के निवासी उपस्थित थे।

# निकाय कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर की सचिव से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नगरीय निकाय के प्रदेश पदाधिकारियों ने नगरीय निकाय सचिव आर संगीता से मांगों को लेकर भेंट मुलाकात की। संघ प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी और संयोजक संजय शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि निकाय कर्मचारियों की गंभीर मांगों और समस्याओं से सचिव को अवगत कराया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कर्मचारियों को ट्रेज़री के माध्यम से वेतन भुगतान, निकाय कर्मचारियों के लिए पुराना पेंशन योजना लागू करने, समय पर समय वेतनमान और पदोन्नति का लाभ दिलाने, सातवें वेतनमान की बकाया एरियर्स राशि भुगतान, नवीन



पदसंरचना व सेटअप तैयार करने, 3 से 5 वर्ष अवधि हुए निलंबित अधिकारी, कर्मचारियों की विभागीय जांच में शीघ्रता लाते हुए नियमानुसार सेवा बहाली, अन्य शासकीय विभागो की भांति कैशलेश चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, सेवानिवृत्ति और मृत कर्मचारियों के शेष देय राशियों के भुगतान अविलंब कराने, अनुकम्पा नियुक्ति से शेष बचे प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने और 1992 से एलएसजीडी उत्तीर्ण कर्मचारियों को पात्रतानुसार दो वेतन वृद्धि प्राप्त हुए है उन्हें वसूली के लिए जो आदेश जारी हुआ है उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने जैसे मांग शामिल है। कर्मचारी नेताओ ने बताया कि सचिव ने संघ की सभी गंभीर मांगों और समस्या को ध्यानपूर्वक सुनने उपरांत बिंदुवार चर्चा की और हर संभवनुसार निराकरण करने का आश्वासन दिया है। नगरीय निकाय सचिव से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से संघ के संयोजक संजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष महीतोष शर्मा, संघ के वरिष्ठ सलाहकार और प्रदेश पेंशनर संघ के नेता श्रवण ठाकुर शामिल रहे।

## सतनाम संस्कृति की गौरवगाथा को आगे बढ़ाने हर मंगल आरती की शुरुआत

**महासमुंद।** सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों के प्रदेश स्तरीय बैठक में सतनाम संस्कृति की गौरवगाथा को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश भर के सतनामी समाज के निवासरत हर गांव शहर में प्रति सोमवार को जैतखाम में एकत्रित होकर आरती मंगल में शामिल होकर सतनाम मार्ग में चलने के लिए गए निर्णय पर अमल करते हुए जिला मुख्यालय के हृदय स्थल गुरु घासीदास वार्ड (एफसीआई के पास) में स्थित जोड़ा जैतखाम से आरती मंगल कर शुरुआत की गई। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिला सचिव रेखराम बघेल ने शहर में निवासरत समाज के लोगों से प्रति सोमवार को सपरिवार आरती कार्यक्रम में शामिल होने अपील की। साथ ही जिला के सभी समाजजनों से अपने अपने गांव व शहर में भी हर सोमवार को सामूहिक आरती की शुरुआत करने का आह्वान किया। आरती कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक, अध्यात्मिक, सामाजिक चेतना जागृत करने के साथ ही समाज में अन्य संस्कृति की अतिक्रमण को रोकना है। कार्यक्रम में भंडारी किरण पाटले, कन्हैया टोंडेकर, नीलमणि बघेल, पूर्णिमा मारकंडेय, पिंकी राज बघेल, सावित्री महिलांग, सुमन, जानकी, साधना, सुरजबाई मांडले, तमन्ना बघेल, मानसी टंडन, रेखराम बघेल, गणेश टंडन, राजेश मारकंडेय, फनेंद्र बंजारे, मानुराम मांडले, राजेश बघेल, जीवन बघेल, अजय बघेल, तुलाराम रात्रे, कृष्णा तावरेकर, रितेश महिलांग, जयकिशन लहरे, गोपी लहरे (साटीदार) व समाज बच्चे बुजुर्ग शामिल रहे।









## खबर संक्षेप

### नही रहे साराडीह वाले पं. बड़े दाउलाल



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम साराडीह निवासी दाऊलाल तिवारी (83) का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह उन्हें अस्वस्थता महसूस हुई जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया। इसके पहले चिकित्सकीय उपचार शुरु हो पाता उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम साराडीह में किया गया, जहां काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, नागरिक व ग्रामीण मौजूद रहे। स्व. तिवारी अपने मृदु व्यवहार और पुरोहिती के कारण क्षेत्र में प्रतिष्ठित थे। बता दें कि उनके पुत्र पंकज तिवारी पुरी गए हुए थे। कथा विश्राम के बाद वे बस से तीर्थयात्रियों के साथ लौट रहे थे। इस दौरान संबलपुर समलेश्वरी मंदिर में उन्हें पिता के निधन की सूचना मिली। जिसके बाद वे तत्काल कार से महासमुंद के लिए रवाना हुए।



### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, 72 आवेदन प्राप्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में कोमाखान तहसील के ग्राम भलेसर निवासी हेमनाथ सिन्हा ने अपनी भूमि बटांकन में सुधार के लिए आवेदन किया। इसी तरह टेमरी सरायपाली के प्रहलाद चौहान ने पट्टा की मांग के लिए, परसवानी निवासी कृष्णा साहू ने पीएम आवास के लिए, ग्राम पंचायत भलेसर के ग्रामीणजनों ने स्कूल पारा से 11 केवी विद्युत पोल हटवाने, सुनसुनिया बागबाहरा के दुलार सिंग टंडन ने अपने खेत के पास से पोल्ट्री फार्म हटवाने के लिए आवेदन किया। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि, अवैध अतिक्रमण, लंबित राशि भुगतान एवं अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम डोकरपाली में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम डोकरपाली का मनोज कुमार ढीढी पिता चिंताराम ढीढी (30 वर्ष) डोकरपाली लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

## सख्ती : कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक, दिए निर्देश

# पराली जलाने की घटनाओं पर प्रशासन गंभीर, गांवों में मुनादी कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासन के निर्देशानुसार समय-सीमा की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ सहित जिला स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार एवं अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा व रवि साहू सभाकक्ष में मौजूद रहे।




बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि जिन कार्यालयों में अभी तक आधार बेस्ड उपस्थिति लागू नहीं हुई है, वहां इसे अनिवार्य रूप से प्रारंभ किया जाए। सभी विभाग प्रमुखों को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 01 जून से ई-फाइल प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू की जाएगी। जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्यालयों में आवश्यक तैयारी समय रहते पूर्ण कर ली जाए, ताकि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता एवं गति लाई जा सके।

कलेक्टर ने किसानों द्वारा पराली जलाने की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि खेतों में पराली जलाने से आगजनी की बड़ी घटनाएं हो सकती हैं, जिससे जन-धन एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने निर्देश दिए कि कोटवारों के माध्यम से गांवों में लगातार मुनादी कराई जाए तथा किसानों को जागरूक किया जाए। एसडीएम एवं तहसीलदारों को इस संबंध में कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। राजस्व अधिकारियों को स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करने कहा गया। उन्होंने कहा कि यह नियम निरंतर प्रभाव से लागू रहेगा। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अब तक 31 शिविरों में कुल 22 हजार 648 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 11 हजार 723 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को शेष लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

### खाद विक्रय में धांधली बर्दाश्त नहीं

बैठक में खाद दुकानों के भौतिक सत्यापन के निर्देश देते हुए कहा गया कि स्टॉक में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित दुकानों को तत्काल सीज किया जाए। खाद विक्रय में किसी प्रकार की धांधली अथवा कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा इस संबंध में सतत कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी खरीफ सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए तथा पीओएस मशीन के माध्यम से ही खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए एवं खाद वितरण का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों का एग्रीस्टैक में पंजीयन कराने के निर्देश भी दिए गए, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। कलेक्टर ने आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आगामी तीन माह के लिए सभी राशन दुकानों में राशन भंडारण के निर्देश दिए गए हैं।

### जल संरचनाओं के निर्माण के निर्देश

इसके अलावा जल संरक्षण के लिए मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत कलेक्टर ने अधिक से अधिक सोखता गड्ढे, डबरी, तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए है। साथ ही इस अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान का क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। जल संचयन भागीदारी में अभी तक 74 हजार संरचना का निर्माण हुआ है। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को अपने खेत अथवा बाड़ियों में सोख्ता गड्ढा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 के अप्रारंभ आवासों को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

### अवैध उत्खनन पर करें सतत निगरानी

इसी तरह कलेक्टर ने अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्रों एवं छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। रेत के अवैध उत्खनन के लिए संयुक्त टीम को सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में रेत का अवैध परिवहन और उत्खनन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने राजस्व विभाग अंतर्गत विवादित एवं अविवादित प्रकरणों तथा स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, जनशिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# सड़क सुरक्षा से जुड़े निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ कलेक्टर लंगेह ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के पश्चात सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं आमजन में जागरूकता बढ़ाने के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य एवं जिला अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने निर्देशित किया कि स्कूलों में विद्यार्थियों के माध्यम से पालकों से संपर्क स्थापित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाएं, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी विकसित हो सके। कलेक्टर ने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए यातायात विभाग को निर्देशित किया गया कि हेलमेट न पहनने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर ई-चालान की प्रभावी कार्रवाई करें।

रात्रि के समय सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने एनएचआई, पशुपालन विभाग, यातायात विभाग तथा नगरीय निकायों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पशु मालिकों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) एवं नवीन ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग तथा नगरीय एवं ग्रामीण निकायों को निर्देशित किया गया। साथ ही ओवरलोड संचालित हो रहे वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला ने बताया कि आगामी सत्र 2026-27 में प्रारंभ होने के पूर्व माह जून 2026 के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में जिले में संचालित समस्त स्कूल बसों का जांच किए जाने की कार्ययोजना तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में 4 नवीन ब्लैक स्पॉट करणी कृपा प्लांट तुमगांव, बावनकेरा चौक थाना पटेवा, न्यू गिल ढाबा साल्हेतराई थाना बसना एनएच 53 एवं कांग्रेस भवन चौक महासमुंद एनएच 353 को चिन्हांकित किया गया है। जिसमें आवश्यक सुधारात्मक उपाय किया जाएगा।

कलेक्टर लंगेह ने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने तथा समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# गांड़ा समाज की बैठक में सामाजिक संगठन के प्रगति व मजबूती के लिए हुई विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग प्रदेश गांड़ा समाज पंक्र 5322 के तत्वावधान में रविवार को गांड़ा समाज के सामुदायिक भवन वीरेंद्र नगर सरायपाली में बैठक हुई।



सामाजिक संगठन के प्रगति व मजबूती के लिए बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान समाज के एकीकरण के लिए परिक्षेत्र से लेकर ब्लाक, जिला तक नए सिरे से निर्वाचन कराया गया। पूरा निर्वाचन प्रक्रिया चंपतलाल चौहान (मुख्य निर्वाचन अधिकारी) के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण ढंग से किया गया।

निर्वाचन पश्चात पद पर नहीं है व चुनाव से हारे हुए व्यक्तियों द्वारा संगठन से सामूहिक त्याग पत्र देने व अन्य संगठन फुलझर राज गांड़ा समाज समिति बनाकर अखबार के माध्यम से प्रकाशन किया गया था, इस पर सभी उपस्थित सामाजिक पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई। संगठन विरोधी कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए भ्रामक प्रचार कर रहे है। पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सरायपाली जगदीश चौहान द्वारा समिति को किसी भी प्रकार आय व्यय की जानकारी, प्रभार एवं पंजी आज पर्यंत प्रदाय नहीं किया गया।

बैठक में प्रांताध्यक्ष रामलाल चौहान, जिलाध्यक्ष बंशी तांडी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष देवप्रसाद चौहान, जिला उपाध्यक्ष द्वय पुष्पलता चौहान, बसंती नेगी, ब्लाक अध्यक्षगण दयानंद तांडी सरायपाली, उदेराम चौहान बसना, देवेंद्र तापडी पिथौरा, नरहरि कुम्हार ब्लाक सचिव सरायपाली, ब्लाक कोषाध्यक्षगण कलपराम चौहान सरायपाली, रमेश चौहान पिथौरा, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सरायपाली लक्ष्मी प्रसाद नंद एवं समस्त परिक्षेत्र के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सचिव छमन तांडी ने दी है।

# चौक में शाम होते ही जम रहा आवारा मवेशियों का डेरा, राहगीर परेशान, दुर्घटना की आशंका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

■ ग्राम नर्रा के बस स्टैंड के पास मवेशियों का बना अड्डा

ग्राम के पानी टंकी बस स्टैंड चौक पर इन दिनों संध्या होते ही आवारा मवेशियों की भारी भीड़ जमा होने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मुख्य और चौकोन (चार रास्तों को जोड़ने वाला) मार्ग होने के बावजूद शाम ढलते ही दर्जनों से अधिक मवेशी बीच सड़क पर अपना अड्डा बना लेते हैं। इस स्थिति के कारण यहां से गुजरने वाले ग्रामीण व राहगीरों और दोपहिया चार पहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बता दें कि यह मवेशी नर्रा के ही है। एक नही दो नही सीधे दर्जनों मवेशी शाम के समय मुख्य चौक कोमाखान खट्टी मार्ग और इधर नर्रा से कोकड़ी मार्ग पर पानी टंकी के समीप लाइट के उजाले में सड़क के बीचो-बीच बैठ जाते है। जिससे हर पल किसी गंभीर और अप्रिय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

यह मार्ग चारों दिशाओं को जोड़ने वाला एक प्रमुख जंक्शन ही है, जहां रात के समय भी वाहनों की आवाजाही निरंतर बनी रहती है। मवेशियों के झुंड के कारण सड़कों की चौड़ाई सिमट जाती है, जिससे सड़क पर मवेशियों के इस प्रकार जमावड़े से न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि राहगीरों में भी भय का माहौल व्याप्त है। यदि समय रहते इस समस्या का स्थाई निराकरण नहीं किया गया, तो कभी भी कोई बड़ी जनहानि हो सकती है।

# जल संरक्षण में किसानों एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ मोर गांव मोर पानी अभियान : कृषि विभाग द्वारा 1005 सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग टैंक निर्माण पूर्ण

मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को जन आंदोलन का रूप देने लगातार कार्य किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों एवं कृषकों को वर्षा जल के संरक्षण, भू-जल संवर्धन तथा जल के समुचित उपयोग के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। विभिन्न विभागों द्वारा जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। अभी तक लगभग 74 हजार विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है। जिला पंचायत, जनपद पंचायत, जल संसाधन विभाग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।





कृषि विभाग द्वारा जिले के कृषकों एवं महिला किसानों द्वारा स्व-प्रेरणा से अब तक कुल 1005 सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग टैंक का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। इससे वर्षा जल का संरक्षण होने के साथ-साथ भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। विकासखंड के ग्राम बानीपाली की कृषक दीपिका पटेल ने अपने घर एवं खेत में सोकपिट टैंक का निर्माण कराया है। उन्होंने बताया कि घरों से निकलने वाले पानी का उचित प्रबंधन होगा तथा पानी का पुनर्भरण सीधे जमीन में होने से आसपास के क्षेत्र में नमी बनी रहेगी। इससे घरेलू उपयोग एवं खेती-किसानी में भी लाभ मिलेगा। इसी तरह ग्राम उमरिया की शीला तिवारी तथा ग्राम बरतियाभाठा की सीमा द्वारा भी अपने घरों एवं खेतों में सोकपिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग टैंक का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं की यह सहभागिता जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रेरणादायी है। साथ ही किसानों द्वारा भी अपने बाड़ी और खेत में सोकपिट बड़ी संख्या में बनाया जा रहा है।

# जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 30 में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना

## वर्षा काल प्रारंभ से समाप्ति तक तीन पालियों में कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद।** मानसून सत्र 2026 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 30 (आवक जावक कक्ष) में जिला आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना 01 जून 2026 से की जाएगी। आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07723-223305 तथा ई-मेल msamund.cg.@nic.in है। बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह (62649-91451) एवं सहायक नोडल अधिकारी अधीक्षक भू-अभिलेख प्रमोद कुमार (75871-68979) होंगे। जिले में वर्षा काल प्रारंभ से वर्षा काल समाप्ति तक नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रहेगी। वर्षा काल प्रारंभ माह जून से माह अक्टूबर-वर्षा काल समाप्ति तक तीन-तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 1 से 30 जून तक प्रथम पाली में प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक शिवम दुबे सहायक वर्ग 03 स्वास्थ्य विभाग व लिंक कर्मचारी डोगेंद्र निर्मलकर सहायक वर्ग-03 शिक्षा विभाग एवं रामचरण यादव भृत्य आदिवासी विकास विभाग व लिंक कर्मचारी निशांत त्रिपाठी भृत्य शिक्षा विभाग की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह द्वितीय पाली में दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक गुलाब खेस्स ध्रुव मुख्य लिपिक आबकारी विभाग व लिंक कर्मचारी हेमंत अजगरा सहायक वर्ग-03, राज्य कर वृत्त विभाग एवं प्रशांत नायक भृत्य आबकारी विभाग व लिंक कर्मचारी गोविंद सिंह पैकरा भृत्य राज्यकर वृत्त तथा तृतीय पाली में रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक देवराज सिंह ठाकुर सहायक वर्ग-03, महिला एवं बाल विकास व लिंक कर्मचारी ओम प्रकाश ध्रुव सहायक ग्रेड-03 जिला अंत्यावसायी एवं महेश पटेल भृत्य महिला एवं बाल विकास व लिंक कर्मचारी सूर्यकांत ध्रुव भृत्य स्वास्थ्य विभाग की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 1 से 31 जुलाई 2026 तक के लिए माह जून में ड्यूटीरत कर्मचारियों में से लिंक कर्मचारियों का संलग्न के रूप में एवं संलग्न कर्मचारियों का लिंक कर्मचारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है तथा कार्यावधि यथावत रहेगी।

इसी तरह 1 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रथम पाली में प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक उमेश चंद्राकर सहायक वर्ग 03 शिक्षा विभाग व लिंक कर्मचारी अमित देवांगन सहायक वर्ग-03 शिक्षा विभाग एवं राम कुमार कमार भृत्य जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण व लिंक कर्मचारी गौतम यादव भृत्य समाज कल्याण विभाग की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह द्वितीय पाली में दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक महेंद्र कुमार दीवान कृषि विभाग व लिंक कर्मचारी सुशील जांगड़े सहायक वर्ग-03, एमवीपीजी महाविद्यालय एवं मनीष मोंगरे भृत्य खनिज विभाग व लिंक कर्मचारी रामचंद यादव भृत्य शिक्षा विभाग तथा तृतीय पाली में रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक मोहित कुमार ध्रुव सहायक वर्ग-03 लोक निर्माण विभाग व लिंक कर्मचारी भूपेंद्र कुमार साहू स्थल सहायक जल संसाधन विभाग एवं पीयूष पेढ़ाकर भृत्य कृषि विभाग व लिंक कर्मचारी जगत सिंह धुर्वे भृत्य उद्यानिकी विभाग की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 1 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक के लिए माह अगस्त में ड्यूटीरत कर्मचारियों में से लिंक कर्मचारियों का संलग्न के रूप में एवं संलग्न कर्मचारियों का लिंक कर्मचारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है तथा कार्यावधि यथावत रहेगी। संलग्न कर्मचारी के अवकाश में रहने की स्थिति में उनके स्थान पर लिंक कर्मचारी कार्य संपादित करेंगे। 01 अक्टूबर से वर्षा समाप्ति तक प्रथम पाली में प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक नारायण लाल बघेल सहायक वर्ग 03 कृषि उपज मंडी एवं राकेश कुमार पैकरा भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह द्वितीय पाली में दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक किरण प्रताप ध्रुव सहायक वर्ग 03 मत्स्य विभाग एवं हिमलेश साहू भृत्य पशु चिकित्सा सेवाएं तथा तृतीय पाली में रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक विजय शंकर प्रजापति सहायक वर्ग 03 एवं कमल नारायण पंसारी भृत्य पॉलिटेक्निक की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि नियंत्रण कक्ष में तैनात सभी कर्मचारी निर्धारित समयानुसार उपस्थित रहकर कार्य करेंगे।

